# T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

**अत्यावश्यक सूचना**

**विषय : यू.जी. (CBCS) Semester-I, सत्र 2026–30 में छात्रों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नामांकन पोर्टल (Samarth) को दिनांक 13.07.2026 से 16.07.2026 तक पुनः खोलने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि छात्रों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, लोक भवन, पटना के ज्ञापांक **BSU-16/2026/94-ACS(GS)**, दिनांक **27.06.2026** के आलोक में **Samarth नामांकन पोर्टल** को पुनः **चार दिनों** के लिए, अर्थात् **दिनांक 13.07.2026 से 16.07.2026 तक**, खोला जाएगा।

इस संबंध में निम्नलिखित व्यवस्था लागू होगी:

**i.** ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने पूर्व में पंजीकरण कराया है, वे रिक्त सीटों की उपलब्धता के आधार पर अपने विषय एवं महाविद्यालय के विकल्पों में पुनः परिवर्तन कर सकेंगे।

**ii.** ऐसे अभ्यर्थी, जो पूर्व में आवेदन नहीं कर सके थे अथवा जो **Sports, NCC** एवं **Management Quota** के अंतर्गत नामांकन प्राप्त करना चाहते हैं, वे नया आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

**iii.** उपर्युक्त दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए मेधा सूची **अनारक्षित (Unreserved) श्रेणी** के आधार पर तैयार एवं प्रकाशित की जाएगी।

**iv.** उक्त कार्य हेतु पोर्टल दिनांक **13.07.2026 से 16.07.2026** तक खुला रहेगा। मेधा सूची के प्रकाशन की तिथि की सूचना पृथक से शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि उक्त तिथि के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष, छात्र कल्याण<br>
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर